प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा –केन्द्र सरकार भारत को 2036 ओलम्पिक से पहले खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बना।
- जयपुर में आज से ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन–देश विदेश के 280 से अधिक ट्रेवल एक्सपर्ट और पर्यटन उद्यमी भाग ले रहे है।
- प्रदेश में आज भी आंधी बारिश की गतिविधियां जारी–सरहदी जिलों में तडके आये बवंडर से जनजीवन प्रभावित।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के उद्घाटन के वीडियो संबोधन में, श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में खेल बजट में तीन गुना बढोतरी की है। सरकार ने खेलों के लिए इस इस साल 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। खेलों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे में सुधार की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पर उन्होंने कहा कि अब खेल आयोजन पूरे साल होते हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को मुख्यधारा के अध्ययन का हिस्सा बनाकर मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को खेलों के नए रूपों से अवगत कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस बीच बिहार के पटना में कल भव्य समारोह के साथ अंडर–18 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' की शुरुआत हुई। इनमें 8,500 से अधिक युवा खिलाडी 2,400 से अधिक पदकों के लिए विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा मंत्री के रूप में सैन्य बलों के साथ काम करना और देश का बुरा चाहने वालों को उचित प्रत्युतर देना उनकी जिम्मेदारी है। नई दिल्ली में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव में श्री सिंह ने कहा कि देश की सीमाओं और सैनिकों की सुरक्षा भी उनकी जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता की इच्छांओं को पूरा किया जाएगा।

भारत जीनोम–संवर्धित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर द्वारा विकसित चावल की दो किस्मों को जारी किया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में श्री चौहान ने इस परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि देश को अपने कृषि वैज्ञानिकों की क्षमता पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा।

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक दिन की यात्रा पर जोधपुर आयेंगे। वे वहां विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमां में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री वैष्णव की यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक इंतजाम किए है। केन्द्रीय मंत्री का आज दोपहर बाद दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

प्रदेश के 14 नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 सरकारी शौचालयों का कल लोकार्पण किया गया। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने 5 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से तैयार इन शौचालयों का उद्घाटन किया। इनमें 7 सामुदायिक, 5 सार्वजनिक और 5 पिंक शौचालय शामिल हैं। इन शौचालयों में उपयोगकर्ताओं को सभी अधुनिक सुविधाएं और दिव्यांग अनुकूल

सेवायें दी जायेंगी। इस अवसर पर श्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश के लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना राज्य सरकार का संकल्प है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत शहरी मिशन की निदेशक श्वेता चौहान ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट्स की एक विशेष श्रृंखला विकसित की जा रही है। इसके तहत अब तक 86 पिंक टॉयलेट के निर्माण के निर्देश जारी हो चुके है और 9 के कार्य को पूरा किया जा चुका है।

जयपुर में आज से ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार शुरू हो रहा है। पर्यटन मंत्रालय और राज्य के पर्यटन विभाग तथा औद्योगिक संगठन–फिक्की के सहयोग से सीतापुरा स्थित जेईसीसी में हो रहे इस दो दिवसीय आयोजन में 55 देशों से आए 280 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार, ट्रेवल एक्सपर्ट और पर्यटन उद्यमी भाग ले रहे है। इससे पहले कल इस संबंध में 'मीट इन इंडिया' कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश विदेश के 300 से अधिक प्रतिनिधि मंडलों ने भाग लिया। गौरतलब है कि भारत के पर्यटन बाजार ने पिछले साल साढे 49 हजार मिलियन यूएस डालर का राजस्व उत्पन्न किया था जिसके 2030 तक एक लाख मिलियन यूएसडी तक पहुंचने की उम्मीद है।

जैसलमेर में दूरदराज के गांव ढाणियों में विपरीत परिस्थितियों के बीच लोगों को स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के लिए पब्लिक हेल्थ यूनिटों का काम तेज गति से जारी है। इन हेल्थ यूनिटों के शुरू होने से ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पडेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक पब्लिक हेल्थ यूनिट पर करीब 76 लाख रूपये खर्च होंगे।

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल भी कई स्थानों पर आंधी बारिश की गतिविधियां बनी रही। सरहदी और पश्चिमी जिलों के साथ ही पूर्वी भागों में भी अंधड के साथ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। बाडमेर और आसपास के इलाकों में कल लगातार दूसरे दिन तेज आंधी के साथ आई बारिश से जनजीवन पर असर पडा। जैसलमेर में भी बादल छाये रहे और बूंदाबांदी से मौसम सुहावना बना रहा।

बालोतरा में आज तड़के आये रेत के बवंडर से कई जगह पेड धराशायी हो गये और बिजली के खम्भे उखड गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोगों को मौसम के इस बदलाव के बाद तेज गर्मी से राहत मिली है।

इधर भीलवाडा और आसपास के इलाकों में कल लगातार दूसरे दिन तेज हवा के साथ कई जगह बारिश हुई। जोधपुर, जालोर, पाली और सिरोही में भी कल मौसम का मिजाज बदला रहा। वहां हवा में ठंडक रही और रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग के अनुसार आंधी बारिश का मौजूदा दौर एक दो दिन तक जारी रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों में हीट वेव चलने की संभावना नहीं है और तापमान में गिरावट बनी रह सकती है।

पशुपालन विभाग ने गर्मी को देखते हुए दोपहर के समय भारवाहक पशुओं के उपयोग पर रोक लगा दी है। विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घोड़े, गधे, खच्चर, भैंस और बैल जैसे भारवाहक पशुओं के उपयोग को प्रतिबंधित रखने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये है।